Book Ad Any category of Classified and get
**Special Discount**
Times of India/ Hindustan Times/ Dainik Jagran / Amar Ujala/ Navbharat Times Hindustan Hindi
**Discount Code TBC10**
Contact:
**Kunika Advertising**
Plot no- 516. Sector-12, Friends Co-operative Society, Vasundhara, Ghaziabad
**Mo. 8130640000**

**Year-** 17 **Issue-** 34
Ghaziabad, Sunday, 18 January- 2026

18 January- 2026 to 24 January- 2026

**Page:** 8

**RNI.No:** UPBIL/2009/28691
**DAVP Code:** 101473
**Editor:** Dheeraj Kumar
**Mob.:** 9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
www.tbcgzb.in
Email: editor@tbam.co.in

Page 2



Page 5



Page 8



# डिस्ट्रिक्ट हेल्थ मिशन और और रोटरी क्लब दिल्ली प्रीत विहार ने मिलकर किया टीबी मरीजों के लिए खाद्य वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**टीबीसी संवाददाता**

**नोएडा।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, सेक्टर-39, नोएडा में तपेदिक (टीबी) से पीड़ित मरीजों के लिए एक खाद्य वितरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी का इलाज करा रहे मरीजों को आवश्यक पोषण सहायता प्रदान कर उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करना था। इस कार्यक्रम का आयोजन डिस्ट्रिक्ट हेल्थ मिशन एवं आरएचएएम फाउंडेशन द्वारा विभिन्न रोटरी क्लबों के सहयोग से किया गया। सहयोगी रोटरी क्लबों में दिल्ली प्रीत विहार (लीड क्लब), गाजियाबाद सैफ्रन, इंदिरापुरम गैलोर, इंदिरापुरम परिवार, गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल, गाजियाबाद सनरेज, गाजियाबाद ग्रीन, हापुड़ प्लेटिनम, हापुड़ एलीट, दिल्ली लेगेसी, गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट तथा सोनीपत एजुकेशन सिटी शामिल रहे।

















कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. नरेंद्र कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गौतम बुद्ध नगर उपस्थित रहे। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि टीबी उन्मूलन के लिए पोषण सहायता एक महत्वपूर्ण कड़ी है। जिला क्षय रोग अधिकारी आर.पी. सिंह ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की और भारत सरकार के टीबी उन्मूलन मिशन को समर्थन देने वाले सामूहिक प्रयासों की प्रशंसा की।

कार्यक्रम का मार्गदर्शन आरएचएएम फाउंडेशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. धीरज भार्गव ने किया। इस मानवीय पहल के अंतर्गत टीबी मरीजों को पोषणयुक्त खाद्य किट वितरित की गईं, जिससे उनके उपचार में सहायता मिले और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ संभव हो सके। कार्यक्रम का समापन आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी क्लबों द्वारा टीबी मरीजों के बीच स्वास्थ्य, पोषण और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास जारी रखने के संकल्प के साथ हुआ।

# 'कपड़ा महादान' अभियान के तहत 200 से अधिक जरूरतमंदों को वस्त्र वितरण

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** फ्रेंड्स कोऑपरेटिव सोसायटी, वसुंधरा में 14 जनवरी 2026 को ह्लकपड़ा महादानह्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सेवा अभियान का नेतृत्व रोटरी क्लब इंदिरापुरम गैलोर, रोटरी क्लब गाजियाबाद सैफ्रन एवं आरएचएएम फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत 200 से अधिक जरूरतमंद एवं वंचित व्यक्तियों को सम्मानपूर्वक वस्त्र वितरित किए गए। लाभार्थियों में महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे शामिल रहे। क्लब सदस्यों और स्वयंसेवकों ने पूरे समर्पण भाव से वितरण व्यवस्था संभाली। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज के कमजोर वर्ग को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

आयोजकों ने बताया कि ह्लकपड़ा महादानह्व अभियान का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को सम्मान के साथ सहायता पहुँचाना है। रोटरी क्लबों एवं आरएचएएम फाउंडेशन द्वारा भविष्य में भी इसी प्रकार के सेवा कार्य निरंतर जारी रखे जाएंगे। कार्यक्रम की सफलता में फ्रेंड्स कोऑपरेटिव सोसायटी के निवासियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा।

















# Editorial

## Mamata in the Supreme Court's Dock

The Supreme Court has held a mirror up to West Bengal Chief Minister Mamata Banerjee and reminded her of the meaning of the Constitution and federalism. The Supreme Court has deemed the Chief Minister's interference during the Enforcement Directorate (ED) raid in Kolkata, where she allegedly seized evidence, documents, and electronic devices, a "serious matter" and has agreed to hear the case. This interference has also been termed "unfortunate." Mamata Banerjee is being represented by prominent lawyers like Kapil Sibal and Abhishek Manu Singhvi, both of whom are also Rajya Sabha MPs. The Supreme Court bench was neither convinced nor satisfied with the arguments presented by these two lawyers regarding the ED raid and the Chief Minister's alleged attempt to tamper with evidence. The Supreme Court has issued notices to the Chief Minister, the Director General of Police, and the Kolkata Police Commissioner, demanding answers that will be difficult to provide and could expose the workings of the state government. Mamata will certainly not want such an exposé before the elections! Nevertheless, the notices will have to be answered within two weeks. Incidentally, this case warrants the imposition of 'President's Rule' in West Bengal, as there has been a 'constitutional breakdown' at several levels. This matter was also before the Calcutta High Court, but due to the disruption caused by an unruly crowd in the courtroom, the judge was unable to hear the case. Wasn't this a situation of 'constitutional breakdown' when the judge in the High Court had to adjourn the proceedings even before they began due to the chaos and noise created by the crowd? Isn't it a misuse of constitutional powers when the ED conducts a raid on the residence and office of a private company, and the Chief Minister of the state intervenes, interferes, and seizes evidence? Undoubtedly, it was an undignified, unprecedented, and unconstitutional act by the Chief Minister. Several officers and employees, including the Director General of Police and the Kolkata Police Commissioner, also contributed to the Chief Minister's interference. Do these top officials accompany a person with Z-plus security everywhere they go? These arguments proved hollow in court, as commandos and regular police forces are responsible for ensuring the leader's security. The Supreme Court also deemed the FIR filed against the ED as an example of the Chief Minister's "authoritarian attitude" and immediately stayed the FIR.

**Dr. Dheeraj Kumar Bhargava**

# Major Changes in Indian Squad Ahead of New Zealand T20I Series; Shreyas Iyer and Ravi Bishnoi Included



**New Delhi.** The Indian cricket team has suffered a major setback due to injuries ahead of the five-match T20 International series against New Zealand. Following the withdrawal of young batsman Tilak Varma and all-rounder Washington Sundar from the series, the BCCI has announced the inclusion of Shreyas Iyer and Ravi Bishnoi in the squad. This series is considered crucial for India's preparations for the ICC Men's T20 World Cup 2026, which will be held in India and Sri Lanka next month.

According to an official statement released by the BCCI, Shreyas Iyer has been included in the squad for the first three T20 International matches. He will replace Tilak Varma, who is recovering after undergoing surgery for a serious abdominal issue. In Tilak's absence, the team management has opted for experience, giving Iyer the opportunity. Iyer's experience in T20 cricket and his ability to perform under pressure can strengthen the Indian middle order, especially at a time when the team is working on its final combination. Meanwhile, Washington Sundar complained of sudden pain in his lower rib area while bowling during the first ODI against New Zealand. Medical examinations and scans confirmed a side strain. The BCCI stated that Sundar has been advised a few days of rest, after which he will report to the BCCI Centre of Excellence (COE) for further treatment and rehabilitation. In Sundar's absence, the team has included leg-spinner Ravi Bishnoi, known for his quick and aggressive bowling.

Bishnoi's inclusion provides the team with an additional wicket-taking option in the middle overs. He has experience playing at the international level and possesses the ability to trouble batsmen with his variations in the T20 format. His selection is considered important for team balance. The first match of the T20 series between India and New Zealand will be played on Wednesday at the VCA Stadium, Jamtha in Nagpur. This five-match series will be a golden opportunity for both teams to test their players' form, combinations, and strategies ahead of the T20 World Cup.

In the upcoming T20 World Cup, India is placed in Group A alongside Pakistan, Namibia, the Netherlands, and the USA, while New Zealand will compete against Afghanistan, South Africa, Canada, and the UAE in Group D. Therefore, this series is considered crucial for both teams, with every player aiming to impress the selectors with their performance.

# Handshake drama returns at U-19 World Cup! India, Bangladesh captains refuse pleasantries at toss




**NEW DELHI.** India captain Ayush Mhatre and Bangladesh vice-captain Zawad Abrar skipped the customary handshake at the toss ahead of their Group A clash in the ICC Under-19 World Cup at the Queens Sports Club on Saturday, underlining the strain in relations between the two neighbouring nations.

The toss was delayed by over 15 minutes due to drizzle, and when the captains walked out, neither initiated the traditional exchange of pleasantries.

After Bangladesh won the toss and chose to bowl first, both sides completed their broadcast interviews and returned to their respective dressing rooms without interacting.

The move is in line with the 'no-handshake' stance adopted by the Indian men's team during the Men's Asia Cup in September 2025.

Across all three matches of that tournament, Indian players did not shake hands with Pakistan counterparts and also declined to accept the trophy from Asian Cricket Council president Mohsin Naqvi, who also serves as Pakistan's Interior Minister.

# WPL 2026: UP Warriorz Look to Build Momentum Against Mumbai Indians as Head-to-Head Remains Even




**Mumbai.** UP Warriorz (UPW) face Mumbai Indians (MI) in a crucial Women's Premier League 2026 encounter at the DY Patil Stadium today, with both sides eager to assert dominance in what has become a closely contested rivalry. In a quick rematch between the two teams, Mumbai captain Harmanpreet Kaur won the toss and elected to bowl first.

UPW enter the contest with renewed confidence after finally opening their account this season with a convincing seven-wicket win over defending champions Mumbai Indians on Thursday. That victory was driven by a commanding performance from Harleen Deol, whose aggressive 64 off 39 balls helped UPW chase down the target with ease. After losing their first three matches, the win has injected much-needed belief into the UPW camp.

However, concerns remain around UPW's batting combination. Opener Kiran Navgire continued her poor run of form, falling cheaply once again. The team management, led by coach Abhishek Nayar and captain Meg Lanning, may consider reshuffling the order, with Phoebe Litchfield or Shweta Sehrawat potential options at the top to provide greater stability.

Mumbai Indians, meanwhile, will be keen to bounce back after being comprehensively outplayed in their previous meeting. Much will depend on the performances of senior players Harmanpreet Kaur, Nat Sciver-Brunt and Hayley Matthews, who will be expected to shoulder responsibility with the bat. In the bowling department, Amelia Kerr and Shabnim Ismail will need to be more disciplined after struggling to contain UPW's batters in the last game.

Looking at the head-to-head record, the rivalry has remained evenly balanced over the years. In WPL 2023, the two teams met three times, with MI winning the opener and the eliminator, while UPW claimed one league-stage victory.

# हाउस टैक्स प्रकरण के अंतिम निर्णय में हो रहा विलंब, वादी के वकील पुकार लगने पर हो जाते हैं अनुपस्थित

## माननीय उच्च न्यायालय से हाउस टैक्स प्रकरण हेतु आगामी दिनांक 23 जनवरी, संभावित

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सिविल मिसलेनियस रिट पिटिशन ढक्छ नंबर 1427/2025 के क्रम में लगातार अंतिम निर्णय का इंतजार शहर कर रहा है जिसके लिए माननीय उच्च न्यायालय में 7 महीने से प्रकरण विचार अधीन है जिसके लिए गाजियाबाद नगर निगम तथा पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी तथा हिमांशु मित्तल के वकीलों द्वारा कार्यवाही की जा रही है, हाउस टैक्स पर निर्णय न होने के कारण गाजियाबाद नगर निगम के राजस्व की भी हानि हो रही है, शहर हित तथा निगम हित के लिए माननीय उच्च न्यायालय का निर्णय सर्वोपरि है जिसका इंतजार समाप्त होने पर शहर को एक नई दिशा मिलेगी'



प्रभारी राजस्व/मुख्य कर निर्धारण अधिकारी सुनील कुमार राय द्वारा बताया गया पिछले 7 महीने से हाउस टैक्स संबंधित प्रकरण माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के समक्ष विचाराधीन है परंतु जब जब अंतिम सुनवाई हेतु तिथि निर्धारित की जाती है तब तब याची कर्ता के वकील अनुपस्थित हो जाते हैं ' ऐसी ही स्थिति दिनांक 16 जनवरी 2026 को भी उत्पन्न हुई, अंतिम सुनवाई हेतु नगर निगम गाजियाबाद के पैनल अधिवक्ता एवं शासन की ओर से अपर महा अधिवक्ता उपस्थित रहने के फल स्वरुप याची कताओं के वकील उपस्थित नहीं हुए जिस कारण दिनांक 16 जनवरी 2026 को भी प्रकरण में सुनवाई नहीं हो पाई, हाउस टैक्स पर अंतिम निर्णय का इंतजार शहर को हो रहा है परंतु याची कताओं के वकील की अनुपस्थिति के कारण समय से निर्णय न होने का खामियाजा निगम तथा शहर वासी भुगत रहे हैं' दिनांक 19 नवंबर 2025 तथा 26 नवंबर 2025 को भी याचिका कर्ता के वकील उपस्थित हुए किंतु नंबर आने पर अनुपस्थित पाए गए जिस कारण से सुनवाई नहीं हो पाई, ऐसा तीसरी बार हुआ है की याची कर्ता के वकील आवाज लगने पर अनुपस्थित पाए गए ' शहर तथा निगम को माननीय उच्च न्यायालय के अंतिम निर्णय का इंतजार है जिसके क्रम में आगे की योजना बनाई जाएगी तथा कर वसूली की कार्यवाही को आगे बढ़ाया जाएगा'गाजियाबाद नगर निगम से अधिवक्ता गन लगातार माननीय उच्च न्यायालय द्वारा नियत की गई दिनांक को उपस्थित हो रहे है तथा चल रहे वाद पर निर्णय का इंतजार कर रहे है वहीं प्रभारी राजस्व/ मुख्य कर निर्धारण अधिकारी द्वारा याचिका कर्ता के अधिवक्ता गनों का पुकार लगने पर अनुपस्थित रहना बताया गया है, जिसके क्रम में अंतिम निर्णय में विलंब की स्थिति बताई गई है' संभावित 23 जनवरी 2026 को हाउस टैक्स प्रकरण की आगामी दिनांक है जिस पर समय पर अधिवक्ताओं का उपस्थित होने से निर्णय होगा तथा शहर तथा निगम को हाउस टैक्स प्रकरण में नई दिशा मिलेगी'

# जीएसटी 2.0 से ग्राहकों का फायदा

## रीजनल ट्रेंनिंग सेंटर में व्यापारी संवाद कार्यक्रम





**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राज्य कर विभाग में शनिवार को 'व्यापार संवाद कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभाग की ओर से जीएसटी सुधारों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में रिटर्न दाखिला, जीएसटी 2.0 सुधारो के लाभ, पंजीयन, समाधान योजना, ईंट भट्टा, व्यापारी दुर्घटना बीमा की जानकारी दी गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड उपस्थित रहे।


कार्यक्रम में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड ने कहा कि विभाग की कार्रवाई के दौरान यदि तकनीकी पोर्टल की विसंगति के मामले सामने आते हैं तो शासन को अवगत कराया जाए। जिससे तकनीकी त्रुटि को दूर किया जा सके। व्यापारियों ने जो समस्याएं रखी है विभाग के अधिकारी उसे नोट कर लें। समस्या को दूर करने का काम करें। अपर आयुक्त ग्रेड-1, राज्य कर, जोन- प्रथम गाजियाबाद मानवेन्द्र प्रताप सिंह व विशिष्ट अतिथि अपर आयुक्त (लेखा) राज्य कर, लखनऊ अशोक कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

# जनपद में संचालित समस्त तरणताल व जिम तथा खेल एकेडमी संचालक कराएं पंजीकरण



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** विकास कश्यप, अपर जिलाधिकारी (नगर) ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया कि जनपद में संचालित समस्त तरणताल व जिम तथा खेल एकेडमी संचालकों को सूचित किया जाता है कि जिला क्रीडा अधिकारी गाजियाबाद के कार्यालय से आवेदन फार्म प्राप्त कर समरत औपचारिकताएं पूर्ण कर आवेदन फार्म प्रस्तुत करें, तदोपरान्त अपर जिलाधिकारी (नगर) गाजियाबाद की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा तरणताल व जिम एवं खेल एकेडमी द्वारा प्रस्तुत आवेदन फार्मों की जांच एवं निरीक्षण उपरान्त समस्त औपचारिकताएँ पूर्ण करने वाले संस्थान को पंजीकरण प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा। समस्त तरणताल व जिम तथा खेल एकेडमी संचालकों को यह भी सूचित किया जाता है कि विभिन्न संस्थाओं द्वारा जैसे सोसायटी, क्लबों, होटलों एवं स्कूलों तथा फार्म हाउस / बैकेंटहॉल आदि स्थानों पर जहाँ पर भी तरणताल व जिम एवं खेल एकेडमी बिना पंजीकरण के सचालित किये जा रहे, उन्हें तत्काल प्रभाव से नियमानुसार पंजीकरण की कार्यवाही पूर्ण करने के उपरान्त ही संचालित किया जाये। यदि बिना पंजीकरण के जनपद में कोई भी तरणताल व जिम एवं खेल एकेडमी संचालित पायी जाती है तो उनके विरूद्ध नियमसंगत कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।



# अवैध कब्जा करने वालों पर की जाएं नियमानुसार कार्यवाही: जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़

## सम्पत्ति के क्रय–विक्रय से पूर्व, सम्पत्ति व उसके कागजों से सम्बंधित पूरी जांच करें: जिलाधिकारी

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा जनसुनवाई की गयी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा की जा रही जनसुनवाई में प्रार्थियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। जन सुनवाई के दौरान नगर निगम, जीडीए, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना/शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी प्रार्थियों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना व समझा गया। उन्होने प्रार्थियों से जाना कि उनके द्वारा पूर्व में भी इस सम्बंध में कोई प्रार्थना पत्र दिया गया था अथवा नहीं। उन्होने सभी प्रार्थियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्या का पूर्ण गुणवत्ता के साथ समाधान कराया जायेगा।





जनता दर्शन के दौरान अधिकांश शिकायतें राजस्व विभाग से सम्बंधित रही जिसमें शिकायतकताओं द्वारा कहा कि उनकी भूमि पर कोई और कब्जा कर रहा है, हमें अपनी भूमि पर मकान नहीं बनाने दे रहे हैं, हमने जिससे जगह ली उस जगह पर किसी और ने कब्जा कर लिया है, फ्लैट वाला पैसे लेने के बाद फ्लैट नहीं दे रहा है। इस प्रकार के प्रकरणों को सुनने के पश्चात जिलाधिकारी महोदय ने जन सामान्य को सावधान करते हुए कहा कि जब भी आप कहीं पर भूमि/मकान/फ्लैट क्रय–विक्रय करें तो हर एक पहेलू की सही से जांच कर/करवा लें। उसके उपरान्त ही होई कार्य करें। जमीन पर कब्जे के साथ ही तहसील स्तर से कागजी कार्यवाही पर भी ध्यान दें जिससे कि आपके साथ कोई धोखा ना हो सकें। इसके साथ जिलाधिकारी महोदय ने सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी आम जनमानस की भूमि या सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर रहें हैं उनके खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाएं। जनता दर्शन के दौरान उन्होने दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया दिव्यांगजनों से सम्बंधित समस्याओं का समाधान, योजनाओं को लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाएं। उन्होने कार्यक्रम अधिकारी व दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि दिव्यांग बच्चों का ईलाज कराने हेतु बच्चों का चिन्हिकरण किया जाएं, जिससे उनका इलाज कराया जा सके। उन्होने कहा कि हमारा प्रथम प्रयास होना चाहिए कि दिव्यांगजनों की दिव्यांगता को खत्म किया जाएं यदि ऐसा ना हो पाएं तो कोशिश की जाएं कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाएं, जिससे वे अपना जीवन स्वावलम्भ और सम्मान के साथ यापन कर सके।

जिलाधिकारी महोदय ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में आयी शिकायतों को शत–प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएं। उन्होने कहा कि स्थलीय निरीक्षण योग्य शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण कर ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएं, इसके साथ ही सभी शिकायतों के निस्तारण उपरान्त शिकायतकर्ता से उसका फीडबैक लेना भी सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समाधान हेतु अधिकारी सदैव तत्पर रहें।


# स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, गाजियाबाद का शताब्दी समारोह आयोजित



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आज स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ०प्र० के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कार्यालय जिला लेखा परीक्षा अधिकारी, गाजियाबाद द्वारा शताब्दी समारोह आयोजित किया गया। जिसमें जिला लेखा परीक्षा अधिकारी मुकेश शर्मा, अनिल कुमार, सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी, सतीश निगम, वरिष्ठ लेखा परीक्षक, मनोज कुमार मिश्रा, वरिष्ठ लेखा परीक्षक, श्रीमती सारिका वर्मा, वरिष्ठ सहायक, राकेश कुमार शर्मा, वरिष्ठ सहायक, विक्रान्त शर्मा, कनिष्ठ सहायक एवं हरकेश एवं संदीप कुमार द्वारा सहभागिता की गयी। इस अवसर पर नेहरू नगर के 'के' ब्लाक के पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा जिला लेखा परीक्षा अधिकारी, गाजियाबाद कार्यालय में विचार गोष्ठी आयोजित की गयी जिसमें सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा सभी अधिकारियों एव कर्मचारियों को शताब्दी वर्ष पूर्ण होने की शुभकामनाऐं दी गयी व निम्नलिखित मुख्य बिन्दुओं पर विचार व्यक्त किये गये। विभाग का कार्य लोक वित्त का निगरानी व वित्त का निर्धारित प्रायोजन पर उपयोग किया जाना निश्चित किया जाना है जिसको कि विभाग गत सौ वर्षों से निष्पक्षतापूर्ण करता आ रहा है तथा आगामी सौ वर्षों में भी इसे और अधिक कुशलता से पूर्ण करेगा। विचार गोष्ठी में यह भी आशा की गयी कि विभाग द्वारा नयी चुनौतियों को स्वीकार करते हुऐ उसे अपने कार्य कुशलता से सफलतापूर्वक पूर्ण किया जायेगा। विभाग में डिजिटलीकरण की प्रंशसा की गयी।

सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने इस शताब्दी समारोह में सम्मिलित होने को सौभाग्य का अवसर माना।इस गौरवशाली यात्रा में अधिकारियों और कर्मचारियों का समर्पण, ईमानदारी और परिश्रम ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी रही है। कठिन परिस्थितियों में भी नियमों के पालन, निष्पक्षता और सत्यनिष्ठा के साथ कार्य करते हुए अपने विभाग की प्रतिष्ठा को ऊचाईयों पर पहुचाया है। इस परम्परा को हमारा विभाग निरन्तर निभाता रहेगा। अन्त में मुकेश शर्मा, जिला लेखा परीक्षा अधिकारी द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवम कर्मचारियों का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया गया।



# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत 88 जोड़ों का विवाह सम्पन्न



टीबीसी संवाददाता

**गाजियाबाद।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत विकास खण्ड मुरादनगर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 88 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया गया। योजनान्तर्गत रू० 25,000/- की उपहार सामग्री (वर-वधु के कपडे, चाँदी की बिछिया व पायल, स्टील डिनर सेट, प्रेशर कूकर, ट्राली बैग, वैनिटी किट एवं दीवार घड़ी इत्यादि) विवाहित जोड़े को दिया जाता है। उक्त के अतिरिक्त कन्या के बैंक खाते में रू0 60,000/- की धनराशि भुगतान किये जाने का प्राविधान है। आज दिनांक 16.01.2026 को सम्पन्न हुये सामूहिक विवाह कार्यक्रम में अनुसूचित जाति के 24, अन्य पिछडा वर्ग के 24, सामान्य वर्ग के 25 एवं अल्पसंख्यक वर्ग के 15 जोड़े कार्यकम में शामिल हुये। कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित 73 हिन्दू जोड़ों का हिन्दू रीति रिवाज से फेरे एवं जयमाल तथा मुस्लिम वर्ग के 15 जोड़ों का निकाह सम्पन्न कराया गया।

कार्यक्रम में मा० विधायक मुरादनगर अजीतपाल त्यागी, मा० प्रमुख क्षेत्र पंचायत मुरादनगर राजीव त्यागी, मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद अभिनव गोपाल द्वारा उपस्थित रहकर विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया गया। परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण / खण्ड विकास अधिकारी, मुरादनगर प्रदीप कुमार पाण्डेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी, गाजियाबाद संदीप चौधरी एवं एवं समाज कल्याण विभाग तथा विकास खण्ड, मुरादनगर कार्यालय के कर्मचारियों की उपस्थिति एवं सहयोग सराहनीय रहा।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के तृतीय सप्ताह में स्कूली वाहनों की जाँच के लिए विशेष अभियान प्रारम्भ

टीबीसी संवाददाता







**गाजियाबाद।** मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या-3033/तीस-3-2025, परिवहन अनुभाग-3, लखनऊ दिनांक 31.12.2025 के अनुक्रम में प्रदेश के सभी जनपदों में दिनांक 01.01.2026 से 31.01.2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। उक्त माह के तृतीय सप्ताह में तृतीय सप्ताह में जनपद के समस्त विद्यालयों में संचालित स्कूली वाहनों के सभी प्रपत्रों एवं फिटनेस के मानकों की शत-प्रतिशत जाँच की जानी है। इसी कम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गाजियाबाद को निर्देशित किया गया कि समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी को क्षेत्र आवंटित करते हुए सभी विद्यालयों से यह प्रमाण पत्र प्राप्त करें कि उनके विद्यालय में समस्त स्कूली वाहन (विद्यायल के नाम पंजीकृत एवं अनुबन्धित) वैध प्रपत्रों व फिटनेस मानकों के अनुरूप ही संचालित हैं।

जब तक समस्त वाहनों का फिटनेस नहीं हो जाता, तब तक किसी भी दशा में ऐसी वाहनों को स्कूली बच्चों के परिवहन में प्रयुक्त न किया जाय। समस्त स्कूली वाहनों के चालकों का नाम, मोबाइल नम्बर एवं उनका चरित्र सत्यापन का प्रमाण परिवहन विभाग, गाजियाबाद को उपलब्ध कराया जाय। साथ ऐसी वाहन जो छात्राओं को लाने-ले जाने में प्रयोग की जाती है उन वाहनों में महिला परिचर की उपस्थिति अनिवार्य रूप से करायी जाय।

अमित राजन राय, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) गाजियाबाद द्वारा अवगत कराया गया कि परिवहन विभाग के वाहन 4.0 पोर्टल के अनुसार 76 स्कूली वाहनों का फिटनेस समाप्त है, इन सभी वाहनों का फिटनेस नवीनीकरण कराने के सम्बन्ध में स्कूलों के प्रबन्धक / प्रधानाचार्य से वार्ता करने हेतु परिवहन कार्यालय के 11 कार्मिकों की ड्यूटी लगायी गयी, यह कार्मिक तब वार्ता करते रहेंगे, जब तक समस्त वाहनों का फिटनेस नहीं हो जाता है। यह भी अवगत कराया गया है कि आज दिनांक 16.01.2026 से समस्त प्रवर्तन दलों द्वारा कार्यवाही प्रारम्भ करदी गयी है, यदि फिटनेस समाप्त/मानकों का उल्लघंन करने वाली वाहनें चेकिंग के दौरान संचालित पायी जायेंगी, तो ऐसे वाहनों के विरूद्ध प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए उन्हें सीज किया जायेगा।

# एडीएम सिटी विकास कश्यप की अध्यक्षता में नारको को-ऑर्डिनेशन सेंटर की बैठक आयोजित

## नशा मुक्त जनपद बनाने हेतु हर सम्भव प्रयास किया जाएः विकास कश्यप



टीबीसी संवाददाता

**गाजियाबाद।** जनपद में मादक पदार्थों (नारकोटिक्स) की बिक्री व तस्करी के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से एडीएम सिटी कार्यालय, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन पर एडीएम सिटी विकास कश्यप की अध्यक्षता में नारको को-ऑर्डिनेशन सेंटर की महत्वपूर्ण बैठक आहूत हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीएम सिटी ने कहा कि जनपद में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार, खरीद-फरोख्त और ड्रग ट्रैफिकिंग के विरुद्ध अभियान को और तेज करने की आवश्यकता है। जनपद में सतर्कता और इण्टेलिजेंस को बेहतर करना होगा एवं जनपद की अन्तर्राज्यीय सीमा पर कड़ी नजर रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जनपद के विकास और सुरक्षा की दृष्टि से सीमा प्रबन्धन अत्यन्त महत्वपूर्ण विषय है। इसे एक मुहिम का रूप देना होगा। उन्होने कहा कि सभी विभाग बेहतर समन्वय के साथ ड्रग माफियाओं के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

एडीएम सिटी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालयों, अस्पताओं सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता से सम्बंधित जो भी कार्य नियमानुसार किये जा सकते हैं, वे किये जाये। अभियान के तहल विद्यालय के समीप गुटका, सिगरेट आदि के क्रय–विक्रय पर पाबंदी लगाई जाएं। उन्होने कहा कि स्कूलों द्वारा नशा मुक्ति के अन्तर्गत विद्यार्थियों से वाद विवाद, चित्रकला, स्लोगन, निबंध प्रतियोगिता सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाये।

उन्होने जीआरपी, आरटीओ, परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन जैसे स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए ताकि जो लोग मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे हैं उनको पकड़ा जा सके और युवाओं को नशा से दूर रखा जा सके। ड्रग इंस्पेक्टर को निर्देशित किया गया कि सभी दवा की दुकानों का निरीक्षण करें एवं बगैर लाइसेंस के नारकोटिक्स रखने वाले मेडिकल स्टोरों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होने यूपीएसआरसीटी गाजियाबाद के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बस स्टोप, बस स्टेण्ड के आसपास मादक पदार्थों की बिक्री हेतु दिशा–निदेशों एवं नियमावली को पुलिस विभाग सहित सम्बंधित विभागों के साथ शेयर की जाएं।

आगामी बैठकों के में उच्च शिक्षा विभाग व श्रम विभाग के अधिकारियों/प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाएं। उन्होने कहा कि कोडिन की गलत खरीद–फरोख्त पर पाबंदी लगाने हेतु प्रभावी कार्य किये जाएं।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, नारकोटिक्स सेल, खाद्य विभाग, ड्रग इंस्पेक्टर, डीपीओ, समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, वन विभाग, यातायात विभाग के अधिकारी/प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



# दिल्ली में 'राहु केतु' प्रेस कॉन्फ्रेंस: पुलकित-वरुण की सुपरहिट जोड़ी दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार

**टीबीसी संवाददाता**

नई दिल्ली। आने वाली कॉमेडी फिल्म राहु केतु के लिए दिल्ली के द ले मेरिडियन होटल में एक शानदार प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। इस इवेंट में फिल्म के लीड एक्टर पुलकित सम्राट और वरुण शर्मा, साथ ही प्रोड्यूसर सूरज कुमार मौजूद थे। यह फिल्म इस महीने की 16 तारीख को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

प्रेस बातचीत के दौरान, पुलकित सम्राट ने राहु केतु को एक फुल एंटरटेनर फिल्म बताया। उन्होंने कहा, "राहु केतु एक फुल-ऑन कॉमेडी फिल्म है। मैं और वरुण एक बार फिर दर्शकों को हंसाने के लिए साथ आ रहे हैं। जब स्क्रिप्ट मेरे पास आई, तो मैंने तुरंत हां कर दिया क्योंकि मुझे पता था कि यह वरुण के पास भी जाएगी–और मुझे यकीन था कि वह भी हां कर देगा। और ठीक वैसा ही हुआ।"

भावुक होते हुए पुलकित ने अपनी मां के बारे में भी बात की, और कहा, "मेरी मां को



ऐसी फिल्में पसंद थीं जो लोगों को हंसाती थीं। मुझे लगता है कि अगर वह आज यह फिल्म देख रही होतीं, तो ऊपर से मुस्कुरा रही होतीं।"

वरुण शर्मा ने अपने खास मजाकिया अंदाज में फिल्म के अनोखे टाइटल के बारे में बात की। "हमें अक्सर अजीब टाइटल वाली फिल्में मिलती हैं, लेकिन अगर लोग हमें पसंद करते हैं, तो क्या दिक्कत है? फिल्म में, मैं 'राहु' का किरदार निभा रहा हूं और पुलकित 'केतु' है। मुझे यह जानकर काफी हैरानी हुई कि राहु सिर्फ सिर है और केतु शरीर है। जब हम दोनों साथ आते हैं, तो स्क्रीन पर आग लगा देते हैं," उन्होंने मजाक में कहा।

वरुण ने आगे कहा, "हम पर हमेशा पहले से बेहतर करने का दबाव रहता है। लोगों को हमसे उम्मीदें हैं, और हम हर बार अपने पिछले बेंचमार्क को पार करने की कोशिश करते हैं। कॉमेडी सबसे मुश्किल जॉनर है क्योंकि आपको कभी नहीं पता होता कि दर्शक किस मूड में हैं।"

राहु केतु को विपुल विग ने लिखा और डायरेक्ट किया है। इस फिल्म को उमेश कुमार बंसल, प्रगति देशमुख, सूरज सिंह और वर्षा कुकरेजा ने जी स्टूडियोज और बी-लाइव प्रोडक्शंस के बैनर तले प्रोड्यूस किया है।

फिल्म में शालिनी पांडे और चंकी पांडे भी अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म की थीम के बारे में बात करते हुए पुलकित सम्राट ने कहा, "राहु और केतु नाम अक्सर डर पैदा करते हैं, लेकिन मेरा मानना है कि अगर आपका दिल और दिमाग साफ है, तो वे आपके सबसे अच्छे दोस्त बन सकते हैं। राहु महत्वाकांक्षा, धन और प्रसिद्धि का प्रतिनिधित्व करता है, जबकि केतु प्यार, भक्ति और मुक्ति सिखाता है। इस फिल्म के जरिए, हम यह संदेश देना चाहते हैं कि ज़िंदगी ईमानदारी, खुशी और पॉजिटिविटी के साथ जीनी चाहिए।"

कॉमेडी, फिलॉसफी और एंटरटेनमेंट को अनोखे तरीके से मिलाकर, राहु केतु न सिर्फ हंसी बल्कि दर्शकों को एक सार्थक और प्रेरणादायक संदेश देने का वादा करती है।

# फरवरी 2026 में सिनेमाघरों में आएगी एक्शन ड्रामा फिल्म 'रमैया'

## जन्ममेजय की दमदार परफॉर्मेंस और संतोष परब का विजन बनेगा फिल्म की ताकत

**टीबीसी संवाददाता**

नई दिल्ली। फरवरी 2026 में दर्शकों को सिनेमाघरों में एक जबरदस्त एक्शन ड्रामा फिल्म 'रमैया' देखने को मिलेगी, जो इंटेंसिटी, कच्चे इमोशन और हाई-वोल्टेज ड्रामा का शक्तिशाली संगम पेश करेगी। फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे अभिनेता जन्ममेजय की दमदार परफॉर्मेंस पहले ही चर्चा का विषय बन चुकी है।

फिल्ममेकर संतोष परब के निर्देशन में बनी 'रमैया' भारतीय सिनेमा में एक नई और मजबूत सिनेमैटिक ताकत के रूप में उभरती नजर आ रही है। हाल ही में जारी फिल्म के पोस्टर ने इंटरनेट पर जबरदस्त हलचल मचा दी है, जिसमें जन्ममेजय का इंटेंस और जोशीला अवतार, हाथ में बंदूक और आँखों में कच्ची आग साफ झलकती है। इस पोस्टर को साल के सबसे प्रभावशाली कैरेक्टर इंट्रोडक्शंस में से एक माना जा रहा है।

आनंदवन क्रिएशंस और सुल्भा कला कृति



के बैनर तले निर्मित 'रमैया' जन्ममेजय के करियर का एक निर्णायक मोड़ साबित हो सकती है। फिल्म में वे पहली बार एक ऐसे दमदार लीड रोल में नजर आएंगे, जो पावर, हिम्मत और हीरोइक करिश्मे से भरपूर है। उनकी स्क्रीन प्रेजेंस फिल्म के पोस्टर और प्रेजेंटेशन पर पूरी तरह हावी दिखाई देती है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि 'रमैया' पूरी तरह से उन्हीं के कंधों पर टिकी हुई फिल्म है।

फिल्म में जन्ममेजय के साथ मजबूत सपोर्टिंग कास्ट भी शामिल है, जिसमें इंडस्ट्री के दिग्गज कलाकार सयाजी शिंदे, अशोक समर्थ, समायरा राव, शीतल पाठक और गणेश यादव प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। हालांकि, फिल्म की कहानी और नैरेटिव को जन्ममेजय की इंटेंसिटी, वर्सेटिलिटी और पावरफुल परफॉर्मेंस के इर्द-गिर्द बुना गया है।

फिल्म की कहानी सुनील राजन और संतोष परब ने मिलकर लिखी है। वहीं, नवीन एन. वी. मिश्रा की डायनामिक सिनेमैटोग्राफी और बिल्पाब दत्ता का दमदार बैकग्राउंड स्कोर फिल्म को और भी प्रभावशाली बनाता है। इसके अलावा, एक्शन डायरेक्टर किंधेन आर. सिंह, एडिटर जोड़ी अमित के. कौशिक और राहुल प्रजापति, तथा कोरियोग्राफर सुषमा सुमन जैसे अनुभवी क्रिएटिव टैलेंट्स ने फिल्म को एक हाई-इम्पैक्ट सिनेमैटिक अनुभव बनाने में अहम भूमिका निभाई है।

### फिल्म के बारे में बात करते हुए अभिनेता जन्ममेजय ने कहा,

"रमैया सिर्फ.एक किरदार नहीं है, जिसे मैंने निभाया है। इस किरदार में ढलने के लिए मुझे खुद को पूरी तरह तोड़कर फिर से बनाना पड़ा। इस फिल्म ने मुझे इमोशनली और फिजिकली दोनों तरह से चुनौती दी है। मुझे पूरा विश्वास है कि दर्शक मेरे जरिये रमैया की धड़कन महसूस करेंगे।"

### वहीं, निर्देशक संतोष परब ने कहा,

रमैया इंटेंसिटी, इमोशन और एक्शन का ऐसा मेल है, जो दर्शकों को पूरी तरह अपने साथ जोड़ लेगा। हमने हर डिटेल पर बारीकी से काम किया है ताकि यह फिल्म क्रेडिट्स खत्म होने के बाद भी दर्शकों के जेहन में बनी रहे। 'रमैया' वैलेंटाइन 2026 पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जो दर्शकों को जन्ममेजय की जबरदस्त मौजूदगी के साथ एक जोशीली, इमोशनल और एड्रेनालाईन से भरपूर कहानी का अनुभव कराएगी।

# निधि अग्रवाल और बिग बॉस 19 फेम नीलम गिरी ने चुना इलेक्ट्रॉनिक्स मार्ट का 50 लाख का बम्पर ड्रॉ विजेता

**टीबीसी संवाददाता**

नई दिल्ली। भारत की अग्रणी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन इलेक्ट्रॉनिक्स मार्ट द्वारा प्रस्तुत "इंडियाज बिगेस्ट फेस्टिव ऑफर" के तहत आयोजित 1 करोड़ रुपये के कैश प्राइज बम्पर ड्रॉ का ग्रैंड फिनाले समारोह नई दिल्ली में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर 50 लाख रुपये के नकद इनाम के विजेता की घोषणा की गई।

इस बहुप्रतीक्षित बम्पर ड्रॉ का चयन अभिनेत्री निधि अग्रवाल एवं अभिनेत्री व बिग बॉस 19 फेम नीलम गिरी द्वारा किया गया।




कूपन नंबर 25333749 को 50 लाख रुपये का कैश प्राइज प्राप्त हुआ। इलेक्ट्रॉनिक्स मार्ट लंबे समय से ग्राहकों के साथ मजबूत रिश्ते और उच्च स्तर की ग्राहक संतुष्टि के लिए जाना जाता है। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में कम समय में ही कंपनी ने उपभोक्ताओं का विश्वास जीत लिया है।

इस मौके पर अभिनेत्री निधि अग्रवाल और नीलम गिरी ने विजेता को बधाई देते हुए कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स मार्ट अपने ग्राहकों को शानदार ऑफर्स और इनामों के जरिये लगातार खुश करता आ रहा है। उन्होंने ग्राहकों से अपील की कि वे इलेक्ट्रॉनिक्स मार्ट से खरीदारी करें और ऐसे ही आकर्षक इनाम जीतते रहें।

इलेक्ट्रॉनिक्स मार्ट के सीईओ श्री करण बजाज ने कहा, "दिल्ली-एनसीआर में लॉन्च के बाद बहुत कम समय में हमें जो सफलता मिली है, वह हमारे ग्राहकों के भरोसे का परिणाम है। बम्पर ड्रॉ हमारे ग्राहकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का एक माध्यम है। हम चाहते हैं कि ग्राहकों के साथ हमारा रिश्ता और भी ऊँचाइयों तक पहुंचे।"

उन्होंने 50 लाख रुपये के विजेता को हार्दिक बधाई देते हुए सभी ग्राहकों का आभार व्यक्त किया।

# संजिवनी हॉस्पिटल को मिले दो ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, रोटरी क्लब की सराहनीय पहल




**टीबीसी संवाददाता**

**हापुड़।** आरसी हापुड़ प्लेटिनम और आरसी हापुड़ एलीट ने आरएचएएम संस्था के सहयोग से संजीवनी हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर, हापुड़ को दो ऑक्सीजन कंसंट्रेटर भेंट किए। यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और जरूरतमंद मरीजों को समय पर बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई।

इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नॉमिनी रोटेरियन रवि बाली जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने रोटरी क्लबों और आरएचएएम द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के सहयोग से समाज में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत आधार मिलता है। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने कहा कि भविष्य में भी अस्पतालों और जरूरतमंद संस्थानों को इसी प्रकार सहयोग प्रदान किया जाता रहेगा, ताकि आम जनता को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें।

संजिवनी हॉस्पिटल प्रबंधन ने इस सहयोग के लिए दोनों रोटरी क्लबों और आरएचएएम का आभार व्यक्त किया और आश्वासन दिया कि इन उपकरणों का उपयोग मरीजों की सेवा में पूरी तत्परता से किया जाएगा।

# सीएमआईएस पोर्टल पर प्रदर्शित परियोजनाओं की प्रगति के सम्बंध में मासिक बैठक आयोजित



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में सीएमआईएस पोर्टल पर प्रदर्शित परियोजनाओं की प्रगति के सम्बंध में मासिक बैठक आहूत हुई। बैठक के दौरान अवगत कराया गया कि सीएमआईएस पोर्टल पर एक करोड़ से अधिक लागत की 320 परियोजनाएं प्रदर्शित हैं, जिसमें से 167 पूर्ण हो चुकी हैं और 136 अपूर्ण हैं, इसके साथ ही माह दिसम्बर में 17 परियोजनाएं विलम्बित हैं। उक्त परियोजनाओं को पूर्ण करने का कार्यदायी संस्थाएं उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0, उत्तर प्रदेश जल निगम (अर्बन), उ.प्र. राज्य सेतु निगम लि., उ0प्र0 प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0, उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद निर्माण इकाई, यूपी सिडको, सी० एण्ड डी० एस०, उ0 प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, मंडी परिषद, उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम लिमिटेड, नगर निगम-गाजियाबाद, उ.प्र. राज्य निर्माण सहकारी संघ लि. लखनऊ (यू.पी.आर.एन.एस.एस.), ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, HSCC (INDIA) LTD (A Govt of India Enterprise), NBCC (India) Limited, उत्तर प्रदेश जल निगम (रूरल) हैं।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में 10वां आर्म्ड फोर्सेज वेटरन्स डे मनाया गया

**टीबीसी संवाददाता**





**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के समस्त भूतपूर्व सैनिक/शहीद/ भूतपूर्व आश्रितों को सूचित किया जाता है कि जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, गाजियाबाद द्वारा दिनाँक 14 जनवरी, 2026 को जिलाधिकारी कार्यालय स्थित महात्मा गांधी सभागार में '10 वां आमर्ड फोर्सेज वेटर्नस डे' अभिनव गोपाल (आई०ए०एस०) मुख्य विकास अधिकरी, गाजियाबाद की अध्यक्षता में मनाया गया। इस अवसर पर सबसे पहले कैप्टन (आई.एन) राम प्रवेश सिंह, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, गाजियाबाद द्वारा आमर्ड फोर्सेज वेटर्नस डे पर उपस्थित वीर नारियों व अलंकृत पुरस्कार विजेताओं का स्वागत किया और आमर्ड फोर्सेज वेटर्नस डे के बारे में अवगत कराया। इस कार्यक्रम के आयोजक डा० सन्तोष उपाध्याय (पी०सी०एस०) सिटी मजिस्ट्रेट, गाजियाबाद तथा चीफ वार्डन, सिविल डिफेन्स, गाजियाबाद ललित जैसवाल रहे। उसके बाद जनपद-गाजियाबाद के शहीद सैनिकों की पत्नियों जिनमें श्रीमती शकुन्तला देवी, विमला देवी, रजनी देवी, सुमन लता को मुख्य विकास अधिकारी व सिंटी मजिस्ट्रेट द्वारा शॉल व सम्मान प्रतीक देकर उनका सम्मान किया। उसके पश्चात शहीद यशपाल सिंह, शहीद भीम सिंह दूहून के परिवार से आये सदस्यों को शॉल व सम्मान प्रतीक देकर उनका सम्मान किया। तत्पश्चात पदक विजेताओं में कर्नल टी०पी० त्यागी (वीर चक्र) व ग्रुप कैप्टन राजीव गुप्ता (मेन्शन-इन-डिस्पेच) को शॉल ओढाकर व सम्मान प्रतीक देकर उनका सम्मान किया। उसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित होने पर कैप्टन राम प्रवेश सिंह द्वारा सभी का धन्यवाद दिया। इस अवसर पर लगभग 20 भूतपूर्व सैनिक और कार्यालय के पवन कुमार, मुख्य लिपिक, विनोद कुमार, कनिष्ठ सहायक, रितु सिंह, कनिष्ठ सहायक व कार्यालय के अन्य कर्मचारी राकेश, पवन व रवि मौजूद रहें।

# पंचायती राज विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद श्री अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में आज पंचायती राज विभाग से सम्बंधित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पंचायत भवन निर्माण एवं संचालन, पंचायत सहायकों द्वारा ई-डिस्ट्रिक्ट सेवाओं का सुचारू संचालन, हिंडन नदी की स्वच्छता के लिए कराए जाने वाले कार्य, अंत्येष्टि स्थलों का निर्माण, परिवार रजिस्टर का डिजिटाइजेशन, ऑडिट अनुपालन एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत ओडीएफ प्लस ग्रामों में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण सहित अनेक विषयों पर विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 के पंचायत भवनों एवं अंत्येष्टि स्थलों का निर्माणकार्य 31 जनवरी तक पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य वित्त एवं 15वें वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि का सदुपयोग विशेषकर स्वच्छता संबंधी कार्यों में किया जाए।

सीडीओ ने ग्राम पंचायतों में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण व्यवस्था को प्रभावी बनाने पर बल देते हुए घरों से निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन मूल्यांकन, आवश्यक ई-रिक्शा/कचरा वाहन की संख्या तथा अन्य संसाधनों का आंकलन करने के निर्देश दिए।

साथ ही ग्रामवासियों, दुकानों एवं प्रतिष्ठानों से यूजर चार्ज प्राप्त कर ग्रामों को स्वच्छ बनाने पर जोर दिया।

बैठक में परियोजना निदेशक, जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन, जिला विकास अधिकारी, सभी खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) एवं कंसल्टिंग इंजीनियर्स मौजूद रहे।

# पेयजल की गुणवत्ता को लेकर निगम का जारी है महा अभियान, 1420 स्थान पर किया गया ओटी टेस्ट

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा लगातार शहर वासियों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के लिए कार्य किया जा रहा है जिसके क्रम में महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद के नेतृत्व में हर घर पेयजल गुणवत्ता की जांच की कार्यवाही जारी है, पिछले 10 दिन में जलकल, जल निगम तथा सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों द्वारा 1420 स्थान से सैंपल कलेक्ट करते हुए पेयजल गुणवत्ता की जांच की गई जिसमें इंदिरापुरम भी शामिल रहा, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार जलकल विभाग द्वारा घर-घर जाकर शहर वासियों से पेयजल गुणवत्ता पर चर्चा की पेयजल में क्लोरीन की मात्रा को भी जांचा गया, जिसकी रिपोर्ट महाप्रबंधक जल्द द्वारा समस्त जोन के अवर अभियंता, सहायक अभियंता तथा अधिशासी अभियंता जल से ली गई। महाप्रबंधक जल द्वारा बताया गया कि पिछले 10 दिनों में न केवल पेयजल की गुणवत्ता को जांचा गया है बल्कि, प्राप्त शिकायतों के क्रम में 148 लीकेज पॉइंट को भी ठीक कराया गया है, 42 स्थान पर ओवरहेड टैंक की सफाई का कार्य पूर्ण किया जा चुका है शेष पर कार्यवाही जारी है, 21 वॉल चैंबर की सफाई का कार्य भी पूर्ण हो चुका है गाजियाबाद नगर निगम जलकल विभाग नियमित रूप से भी पेयजल आपूर्ति के लिए बेहतर कार्य कर रहा है नियमित वॉल चैंबर एयर वॉल चैंबरों की सफाई



का कार्य कराया जाता है, महा अभियान के क्रम में समस्त टीम को क्षेत्रीय पार्षदों से संपर्क करते हुए गुणवत्तापूर्ण पेयजल आपूर्ति हेतु विशेष कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं, इसके अलावा 10 दिन में महा अभियान चलाते हुए डी सिल्टिंग का कार्य भी कराया गया है। गाजियाबाद नगर निगम जलकल विभाग द्वारा शहर वासियों को गुणवत्तापूर्ण जलापूर्ति की जा रही है, जिसको सुनिश्चित करने के लिए चल रहे महा अभियान को और अधिक गति देने की योजना विभाग बना रहा है, इंदिरापुरम सहित पांचों जोन में आगामी 7 दिनों में क्षेत्रीय पार्षदों, आरडब्ल्यूए पदाधिकारी से संपर्क करते हुए पेयजल की गुणवत्ता की जांच का कार्य किया जाएगा' जल निगम तथा जलकल विभाग संयुक्त रूप से कार्यवाही करेगी जिसमें जनसंपर्क को बढ़ाते हुए मलिन बस्तियों तक विशेष कार्यवाही की जाएगी क्लोरीन की मात्रा को चेक किया जाएगा आवश्यकता अनुसार उपकरणों की सफाई का कार्य बढ़ाया जाएगा, पानी की पाइपलाइन की सफाई का कार्य भी जारी है आवश्यकता के अनुसार पुरानी पाइप लाइनों को बदलने की योजना भी निगम बना रहा है जिसमें विशेष रूप से विजयनगर क्षेत्र में पानी की पाइपलाइन बदलने का कार्य किया जाएगा।

# वसुंधरा फ्रेंड्स कोऑपरेटिव सोसायटी में जरूरतमंदों को कंबल व वस्त्र वितरण

**टीबीसी संवाददाता**

**वसुंधरा।** 15 जनवरी 2025 को वसुंधरा फ्रेंड्स कोऑपरेटिव सोसायटी में जरूरतमंद एवं वंचित वर्ग के लोगों के लिए कंबल तथा पुराने वस्त्रों के वितरण का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य का संचालन रोटरी क्लब इंदिरापुरम गैलोर, रोटरी क्लब गाजियाबाद सैफ्रन एवं आरएचएएम फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से किया गया। इस पहल का उद्देश्य सर्द मौसम में असहाय लोगों को राहत पहुँचाना और समाज में मानवीय संवेदना को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। स्वयंसेवकों द्वारा एकत्र किए गए साफ-सुथरे वस्त्र और गर्म कंबल जरूरतमंद परिवारों को सम्मानपूर्वक प्रदान किए गए। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में आपसी सहयोग और भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं।

आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी रोटरी क्लबों एवं आरएचएएम फाउंडेशन द्वारा इस प्रकार के सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुँचाई जा सके। कार्यक्रम के अंत में सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया।







# आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी क्लबों ने गाजियाबाद में गौसेवा अभियान का सफल आयोजन

**टीबीसी संवाददाता**

गाजियाबाद। समाजसेवा, करुणा और मानवीय दायित्व की भावना को सशक्त करते हुए आरएचएएम फाउंडेशन ने लीडिंग क्लब रोटरी क्लब गाजियाबाद ग्रीन के सहयोग से एक व्यापक गौसेवा अभियान प्रारंभ किया है। इस पहल का उद्देश्य गोवंश के लिए नियमित रूप से पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना और समाज में पशु संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

इस अभियान में रोटरी क्लब गाजियाबाद सैफ्रन, इंदिरापुरम गैलोर, इंदिरापुरम परिवार, गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल, गाजियाबाद सनरेज, गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, दिल्ली लेगेसी, प्रीत विहार, सोनीपत एजुकेशन सिटी, हापुड़ एलीट और हापुड़ प्लेटिनम सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। सभी क्लब सामूहिक रूप से इस सेवा कार्य को निरंतर गति प्रदान कर रहे हैं।

परियोजना के तहत प्रत्येक बुधवार प्रातः कनावनी स्थित भारत गौशाला में गोवंश के लिए ताजा हरा चारा उपलब्ध कराया जा रहा है। बीते बुधवार आयोजित कार्यक्रम इस श्रृंखला का एक और सफल चरण रहा। यह अभियान पिछले नौ सप्ताहों से लगातार संचालित हो रहा है और भविष्य में भी इसे नियमित रूप से जारी रखने का संकल्प लिया गया है।


कार्यक्रम में आरएचएएम फाउंडेशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. धीरज भार्गव, सचिव मनीषा भार्गव, रोटरी क्लब दिल्ली लेगेसी के अध्यक्ष राजेश गोयल, अजय चौधरी, रोटरी क्लब इंदिरापुरम परिवार के अध्यक्ष सुनील जिंदल, रोटरी क्लब गाजियाबाद ग्रीन के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, प्रतीक भार्गव और कुनिका भार्गव सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

यह सामूहिक प्रयास गौसेवा के प्रति सामाजिक उत्तरदायित्व को दर्शाता है और आरएचएएम फाउंडेशन व सभी सहभागी रोटरी क्लबों की मानवीय मूल्यों, करुणा और स्थायी सामुदायिक सेवा के प्रति गहरी प्रतिबद्धता का प्रभावशाली उदाहरण पेश करता है।









# वसुंधरा में 200 से अधिक लोगों को खिचड़ी, दाल, गुड़ के साथ चायझ्रबिस्कुट का वितरण

**टीबीसी संवाददाता**

**वसुंधरा।** रोटरी क्लब इंदिरापुरम गैलोर, रोटरी क्लब गाजियाबाद सैफ्रन एवं आरएचएएम फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में फ्रेंड्स कोऑपरेटिव सोसायटी, वसुंधरा में 200 से अधिक जरूरतमंद लोगों को खिचड़ी, दाल और गुड़ का वितरण किया गया। इस अवसर पर लाभार्थियों को चाय और बिस्कुट भी प्रदान किए गए। आयोजन का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना और समाज में सेवा एवं सहयोग की भावना को सुदृढ़ करना था।

कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने पूरे सेवा भाव के साथ भोजन वितरण की व्यवस्था संभाली। बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों ने इस सेवा का लाभ उठाया। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी सद्भाव, करुणा और मानवीय मूल्यों को मजबूत करते हैं।

आयोजकों ने बताया कि रोटरी क्लबों एवं आरएचएएम फाउंडेशन द्वारा जनसेवा के कार्य निरंतर जारी रहेंगे। भविष्य में भी स्वास्थ्य, शिक्षा और जरूरतमंद सहायता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के सफल संचालन में सोसायटी के सदस्यों, क्लब पदाधिकारियों एवं स्थानीय सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।






Printed and Published by Manisha Bhargava at Nutan Offset Printing Press, House N.o- 9, Maliwara, Ghaziabad. 201001 and Published at Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.). **Editor:** Manisha Bhargava, **Sub Editor:** Dheeraj Kumar** **Email:** editor@tbam.co.in **RNI. No:** 101248 (UPBIL/2009/28691), **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Mob. 98105 22380, 98718 95198. Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.